आठ सदस्यीय टीम करेगी विभागों का दौरा

नैक की कसौटी पर डीएवीवी की परीक्षा कल से

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. प्रदेश में सबसे पहले नैक से ए ग्रेड हासिल करने वाली देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की अगली परीक्षा गुरुवार से होगी। आठ सदस्यीय नैक टीम बुधवार को इंदौर पहुंच जाएगी।

गुरुवार से तीन दिन तक अलग-अलग विभागों का दौरा कर यूनिवर्सिटी को हर बिंदु पर परखा जाएगा। संभावना है, दिसंबर के पहले सप्ताह तक ही नई ग्रेड की घोषणा हो जाए। कुलपति प्रो. रेणु जैन ने तैयारियों पर संतोष जताते हुए कहा, सीजीपीए के साथ ग्रेड में भी सुधार होगा। पांच साल बाद होने जा रहे दौरे में नैक टीम इस अवधि में आए बदलावों को जानेगी। टीम को हर उपलब्धि बताने के लिए यूनिवर्सिटी ने बुकलेट तैयार कराई है। हर विभाग ने भी प्रेजेंटेशन तैयार किए हैं। टीम के सदस्य ये प्रेजेंटेशन देखने के बाद सवाल भी करेंगे। शुरुआत ईएमआरसी से होगी। कुलपति प्रो. जैन ने बताया, नैक के पिछले दौरे में सुझाई कमियों को दूर कर लिया है।

एलुमनी, पालक और प्राचार्यों से भी चर्चा

नालंदा परिसर में परीक्षा विभाग, छात्र कल्याण विभाग, वित्त विभाग सहित अन्य विभागों ने प्रेजेंटेशन बनाए है। टीम विद्यार्थियों, एलुमनी, पालक व संबद्ध कॉलेज के प्राचार्यों से भी रूबरू होगी। आइक्यूएसी सेल प्रभारी प्रो. अशोक शर्मा ने बताया, मॉक ड्रिल के दौरान सामने आई कमियां भी दूर कर ली हैं।

डीएवीवी आइएमएस

स्टूडेंट्स ने सरस्वती कुंड में उतरकर साझा की प्लेसमेंट की खुशियां

यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को 7 लाख के पैकेज

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आइएमएस) में कई कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आ रही हैं। कैंपस प्लेसमेंट में सिलेक्ट हुए स्टूडेंट्स ने अपनी खुशियां सरस्वती कुंड में डुबकी लगाकर जाहिर की। संस्थान के प्लेसमेंट ऑफिसर अवनिश व्यास ने बताया, काफी समय से विभाग में प्लेसमेंट की प्रोसेस चल रही है। अब तक आइसीआइसीआइ बैंक, प्रिज्म सीमेंट, एसएंडटी (स्टैंडर्ड एंड टूयर्स), कोलगेट, वीवो, एशियन पेंट्स आदि कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आ चुकी हैं। इसमें प्रिज्म सीमेंट ने साढ़े पांच लाख, वीवो ने 5 से 7 लाख, आइसीआइसीआइ बैंक ने साढ़े चार लाख, कोलगेट ने चार लाख, एशियन पेंट्स ने साढ़े पांच लाख तक के पैकेज स्टूडेंट्स को ऑफर किए हैं।